खबर संक्षेप

## बाल उद्यान में व्याप्त अव्यवस्था की सीईओ से की शिकायत

**बड़वारा।** बाल उद्यान बड़वारा जो की बड़वारा बाईपास में बनाया गया है वह बस्ती से काफी दूर है। उद्यान में उद्यान जैसा कुछ भी नहीं है। वहां एक भी पौधा नहीं लगा है और ना ही एक भी पेड़ वहां जीवित है। चारों तरफ खरपतवार फैला है। चौकीदार भी नही है गेट पर ताला भी नही है। उद्यान की रक्षा व व्यवस्थित रखने हेतु चौकीदार की व्यवस्था की जानी चाहिए थी जो जिम्मेदारों के द्वारा नही की गई है। चारों तरफ गंदगी व्याप्त है। लाखों रुपए का शासकीय पैसे का जमकर दुरुपयोग किया गया है। भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष जयचंद सूर्यवंशी व कार्यकर्ताओं ने भीम आर्मी भारत एकता मिशन के तत्वाधान में बड़वारा जनपद सीईओ को ज्ञापन सौंपकर लापरवाह कर्मचारियों पर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई किये जाने की मांग की है। जिला उपाध्यक्ष सूर्यवंशी ने कहा है कि जिन्होंने भी शासकीय पैसे का घोटाला किया है उनके खिलाफ जल्द कार्यवाही की जाए नहीं तो भीम आर्मीभारत एकता मिशन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

## प्रसूतिका की मौत पर नर्सिंग स्टाफ को नोटिस

**उमरियापान।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उमरियापान में प्रसव के दौरान कथित लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। ड्यूटी में तैनात स्टाफ नर्स और डॉक्टर की लापरवाही के चलते बच्ची को जन्म देने के तुरंत बाद एक महिला की मौत हो गई। बीते 2 दिसंबर के अंक में ’हरिभूमि’ में प्रकाशित खबर में लापरवाही को उजागर किया गया, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया। उमरियापान विकासखंड के चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.के. प्रसाद ने घटना के समय ड्यूटी में तैनात नर्सिंग ऑफिसर सहित कुल आठ नर्सिंग स्टाफ को कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिवस के भीतर जवाब मांगा है। जिन नर्सिंग स्टाफ को नोटिस जारी किया गया है, उनमें नर्सिंग ऑफिसर सरोज कोल, गुलाब कली कोल, रश्मि पटेल, केता पुट्टे, अम्बिका चौधरी, रेणु भोरजार, दीक्षा पटवा और पुरुष नर्सिंग ऑफिसर संजीव चक्रवर्ती शामिल हैं। बीएमओ ने स्पष्ट कहा है कि निर्धारित समय में जवाब न देने या जवाब असंतोषजनक पाए जाने पर संबंधितों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में बीएमओ उमरियापान डॉ. बी.के. प्रसाद ने बताया कि प्रसव के दौरान महिला की मौत के मामले की जांच की जा रही है। घटना के समय ड्यूटी में तैनात स्टाफ और नर्सिंग स्टाफ को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है।

## जिले में अब तक 32 हजार 902 क्विंटल धान का हुआ उपार्जन

**कटनी।** जिले में बीते सोमवार से शुरू हुई समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में अब तक 383 किसानों ने 32 हजार 902 क्विंटल धान उपार्जन केन्द्रों में विक्रय किया है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान का समर्थन मूल्य रूपये 2369 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। कृषकों से उपार्जन कार्य सप्ताह में 5 दिवस (सोमवार से शुक्रवार) प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक किया जायेगा एवं कृषक तौल पर्ची सांय 6 बजे तक जारी की जायेगी। जिन कृषकों की उपज की तौल अपरिहार्य कारणवश सोमवार से शुक्रवार के बीच निर्धारित दिवस को नहीं हो सकेगी, उनकी तौल शनिवार को की जायेगी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने धान उपार्जन कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों को धान उपार्जन केन्द्रों में समस्त आवश्यक इंतजाम पुख्ता रखनें के निर्देश दिए है। इसके अलावा कलेक्टर ने खरीदी केन्द्र प्रभारियों और इस कार्य से संबंधित सभी अधिकारियों को दो टूक लहजे मे निर्देशित किया है कि किसानों के हित से जुड़े मामले में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कुठला एवं बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग में बाइक सवार हुए हादसे का शिकार

# हाईवे में हुआ हादसा, पिता और पुत्री की मौत, पत्नी गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



दो अलग अलग हादसों में पिता व पुत्री की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा कुठला एवं बड़वारा थाना क्षेत्र में हुये। कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत कैलवारा कला गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के ओवरब्रिज पर एक बाइक को वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पिता और उनकी बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी घायल हो गई। घटना गुरुवार की दरमियानी रात 2.30 बजे की है। गंभीर रूप से घायल पत्नी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिवार बाइक से रेलवे स्टेशन जा रहा था। हादसे में घायल परिवार झुकेही निवासी था।

जानकारी के मुताबिक राकेश दुबे 40 साल अपनी पत्नी चंदा दुबे 35 साल और बेटी अपर्णा दुबे 13 साल के साथ कटनी रेलवे स्टेशन अपने रिश्तेदारों से मिलने जा रहे थे। रात लगभग 2:30 बजे, जब वे अपनी बाइक से कैलवारा कला एनएच 30 के ओवरब्रिज के ऊपर पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटनास्थल के पास ही नहर निर्माण का कार्य चल रहा था वहां मौजूद श्रमिकों ने टक्कर की आवाज सुनी और मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि पति-पत्नी और बेटी तीनों गंभीर हालत में सड़क पर पड़े थे। स्थानीय लोगों ने तत्काल कुठला पुलिस को सूचना दी और 108 एम्बुलेंस को भी बुलाया। मौके पर पहुंची पुलिस और एम्बुलेंस की मदद से तीनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जांच के बाद चिकित्सकों ने राकेश और उसकी पुत्री अपर्णा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और फरार हुए अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

### ट्रक ने मारी टक्कर

बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत लखाखेरा बाईपास के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ग्राम मेडरा निवासी बृजेश सिंह 35 लखाखेरा ग्राम में अपने रिश्तेदारों के यहां जा रहा था। शाम करीब 6 बजे लाखखेरा बाईपास के पास एक ट्रक ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही बड़वारा थाना प्रभारी के. के. पटेल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल बृजेश सिंह को बिना देर किए तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में घायल का प्राथमिक उपचार जारी है। टक्कर में बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बृजेश सिंह को गंभीर चोटें आईं। बड़वारा पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक क्रमांक RJ 14 GT 1408 को जब्त करते हुए चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है।



# व्हालीबाल प्रतियोगिता में 6 टीमों ने की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का भव्य शुभारम्भ बुधवार से स्लीमनाबाद खेल स्टेडियम में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ। सांसद खेल महोत्सव के पहले दिवस बालीबाल प्रतियोगिता में 6 टीमों ने भाग लिया। जिसमें स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद, विलियम हेनरी स्कूल,पड़वार, बहोरीबंद तेवरी व स्लीमनाबाद हायर सेकेण्डरी की टीमों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जनप्रतिनिधियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया व खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। खेल समन्वयक चेतना झा ने बताया सांसद खेल महोत्सव खेल विभाग के द्वारा आयोजित किया जा रहा है जिसमें बालीवाल,कबड्डी, खो -खो, रस्सा कस्सी, एथेलेटिक्स प्रतियोगितायें होगी। विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिता के बाद जिला स्तरीय एवं लोकसभा प्रतियोगिता होगी। विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाडी आगे जिला व लोकसभा प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

इस दौरान पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला,चंद्रशेखर अग्रहरी,सरपंच सुनील गुप्ता,गुड्डन सिंह,नोडल अधिकारी अखिलेश वर्मा, खेल समन्वयक चेतना झा,संकुल प्राचार्य डी के ठाकुर,महेंद्र सिंह ठाकुर, एडीईओ जे पी दीवान,रोजगार सहायक चंद्रभान चौधरी आदि की उपस्थिति रही।

मंडी प्रावधानों के तहत मांगे गये दस्तावेज व अभिलेख

# हरद्वारा में कान्हा राइस मिल के गोदाम सत्यापन में मिलीं 1383 क्विंटल धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में बिचौलियों और व्यापारियों के गठजोड़ को नेस्तनाबूद करने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा गठित दल द्वारा कार्यवाही का सिलसिला सतत जारी है। उपार्जन केन्द्रों में किसी भी हाल में अवैध धान बिक्री हेतु नहीं पहुंचने देने के कलेक्टर के दो-टूक निर्देश के बाद अधिकारियों की जांच टीम पूरी शिद्दत और सक्रियता से कारोबारियों द्वारा भंडारित अवैध धान पर कड़ी नजर रख रहे हैं।

### तो की जाएगी कार्यवाही

इसी क्रम में कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश पर बुधवार को रीठी के ग्राम खिरवा हरद्वारा स्थित कान्हा राइस मिल के गोदाम के सत्यापन के दौरान अधिकारियों की जांच टीम को 3 हजार 458 बोरियों में भरा 1383.20 क्विंटल धान मिलीं। इसके लिए मंडी अधिनियम 1972 में वर्णित प्रावधान के अंतर्गत अग्रिम कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी और कान्हा राइस मिल के मालिक से धान भंडारण के वैध दस्तावेज व अभिलेख मांगे जायेंगे।

### जांच दल में ये रहें शामिल

गठित जांच दल में शामिल खगेश मलावी, प्रियंका सोनी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, कृषि उपज मंडी, प्रशांत मौर्य, सहायक उप निरीक्षक मंडी मनीष त्रिपाठी, हल्का पटवारी कार्तिकेय वर्मा और पटवारी एवं ग्राम कोटवार मौजूद रहे।

बताते चलें कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने के काफी पहले से ही कलेक्टर के निर्देश पर जिले में धान के अवैध परिवहन और भंडारण पर कड़ी नजर रखी जा रही थी और कार्रवाईयां भी की गई हैं। खाद्य, राजस्व और कृषि उपज मंडी के अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी।

## अधिकारियों व कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण



प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में शामिल पात्र हितग्राहियों का घर घर जाकर भौतिक सत्यापन करने के उद्देश्य से जनपद पंचायत सभागार में संबंधित मैदानी अधिकारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।जनपद पंचायत के सभागार में गत दिवस जनपद पंचायत के सीईओ अभिषेक कुमार के निर्देश पर गत दिवस प्रधानमंत्री आवास योजना ब्लॉक समन्वयक अखिलेश वर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के संबंध में उपयंत्री एडीओ, पीसीओ,कृषि विस्तार अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान अखिलेश वर्मा द्वारा बताया गया कि 1 जनवरी से 15 मई तक आवास प्लस 2.0 का जो सर्वे किया गया था।सर्वे के आधार पर प्रधानमंत्री आवास 2.0 में शामिल सभी पात्र हितग्राहियों का घर- घर जाकर भौतिक सत्यापन करना है।सत्यापन के दौरान कोई भी पात्र हितग्राही छूटने न पाए व अपात्र हितग्राही को आवास योजना का लाभ नहीं मिले।इस दौरान पंचायत इंस्पेक्टर मोहन सिंह, श्यामलाल गोंटिया, एडीओ राकेश रजक,वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी विनीत अहिरवार,प्रेम मौर्य, प्रवीण मयेणा, उपयंत्री नीरज तंतुवाय, संजय शुक्ला सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नदी में उतराता मिला लापता युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



करीब एक सप्ताह से लापता एक युवक का शव नदी में उतराता मिला। युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाएं चल रही हैं। ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के पहरुआ ग्राम से लगी छोटी महानदी में गुरुवार को मनोज साहू 36 का शव मिला। परिजनों और ग्रामीणों द्वारा सात दिनों से तलाश की जा रही थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के खमतरा ग्राम निवासी मनोज साहू पेशे से बाइक मैकेनिक था। वह बीते 28 नवंबर की शाम को अखडार गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर से निकला था लेकिन वहां नहीं पहुंचा। 30 नवंबर को मनोज साहू की बाइक पहरुआ ग्राम से लगी महानदी के समीप लावारिस हालत में मिली थी। बाइक मिलने के बाद परिजनों और ग्रामीणों को अनहोनी की आशंका हुई और तलाश शुरू की गई। लापता होने के सातवें दिन गुरुवार को मनोज साहू का शव छोटी महानदी से बरामद किया गया।

एएसपी संतोष डेहरिया ने बताया कि लापता मनोज का शव महानदी में मिला है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के स्पष्ट कारण सामने आ सकेंगे।

## कॉलेज चलो अभियान आज से, प्रवेश प्रक्रिया एवं कैरियर अवसरों की दी जाएगी जानकारी

**कटनी।** शासकीय महाविद्यालयों में शिक्षण सत्र 2026-27 में विद्यार्थी अधिक से अधिक प्रवेश लें, इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एक माह तक 'कॉलेज चलो अभियान' चलाया जाएगा। इस दौरान स्कूलों में पढ़ाई कर रहे कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को महाविद्यालयों में चलाए जा रहे पाठ्यक्रम, संसाधन, इंफ्रास्ट्रक्चर सहित अन्य सुविधाओं और केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लिए जागरूक किया जाएगा।

अभियान का पहला चरण शुक्रवार 5 दिसंबर 2025 से शुरू होगा और 5 जनवरी 2026 तक चलेगा। अभियान के दौरान विभिन्न प्रकार की जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग ने समस्त विश्वविद्यालय के कुलसचिव और महाविद्यालययों के प्राचार्य को निर्देश भी जारी कर दिए हैं। कॉलेज चलो अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों सहित पूर्व छात्रों की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही पंचायत सचिव, ग्राम सभा, स्व-सहायता समूह एवं युवा संगठनों के साथ बैठक कर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से सुझाव भी लिए जाएंगे। महाविद्यालय की टीम द्वारा विद्यालयों का एवं उनके अभिभावकों भ्रमण किया जाएगा। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, उपलब्ध पाठ्यक्रम, कैरियर अवसरों एवं प्रवेश प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया जाएगा। इस दौरान महाविद्यालय की शैक्षणिक, प्रयोगशाला, खेल एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी।

# 558 क्विंटल अवैध भंडारित धान पर 65 हजार रूपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कुतसित मंसूबों के साथ अवैध रूप से भंडारित धान की जांच और जुर्माना करने का कार्य सतत रूप से जारी है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर गुरूवार को रीठी स्थित गुरूकृपा राईस मिल डांग के संचालक शैलेन्द्र जैन के घर एवं गोदाम में जांच टीम को कुल 558 क्विंटल अवैध भंडारित धान मिली जिस पर मंडी अधिनियिमों व प्रावधानों के तहत 65 हजार 264 रूपये का जुर्माना लगाया गया है।

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर खाद्य, राजस्व एवं कृषि उपज मंडी के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रीठी स्थित गुरूकृपा राईस मिल डांग की जांच की गई जिसमें जांच दल को अवैध रूप से भंडारित कृषि उपज 324 क्विंटल धान भंडारित पाई गई। राईस मिल संचालक श्री जैन द्वारा धान भंडारण के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नही प्रस्तुत किए जाने पर भंडारित धान पर दांडिक मंडी शुल्क के रूप 39 हजार 992 रूपए अधिरोपित किए गए। इसके अलावा राईस मिल संचालक श्री जैन के निवास स्थित गोदाम में भी 234 क्विंटल धान भंडारित पाई गई इस पर 25 हजार 272 रूपए का दांडिक जुर्माना लगाया गया।

### जांच दल में ये रहे शामिल

इस कार्यवाही के दौरान संयुक्त जांच दल में नायाब तहसीलदार खगेश भलावी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रियंका सोनी , मंडी निरीक्षक विकास मिश्रा, सुधीर त्रिपाठी व प्रशांत मौर्य शामिल रहे।

मुख्य मार्ग को सहित गोल बाजार एवं रूई बाजार में आवागमन सुगम बनाने दिए निर्देश

# एसपी एवं निगमायुक्त ने शहर भ्रमण कर बदहाल यातायात व्यवस्था का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शहर के सबसे सघन और भीड़भाड़ वाले व्यस्ततम बाजार क्षेत्र स्टेशन रोड़ पहुंच मार्ग की यातायात अव्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्वेश्य से पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा और निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार की उपस्थिति मे नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा गुरूवार शाम विशेष अभियान चलाया। इस दौरान यातायात प्रभारी राहुल पांडेय एवं कोतवाली टी.आई श्रीमती राखी पांडेय की मौजूदगी रही।

कार्यवाही के दौरान अधिकारियों द्वारा सुभाष चैक से रेल्वे स्टेशन पहुंच मार्ग का पैदल भ्रमण कर सड़कों पर वाहनों के बेतरतीब खड़े होने, फुटपाथों पर फैले अतिक्रमण और लेफ्ट टर्न पर अवरोधों का जायजा लेकर मार्ग के बीचों बीच अव्यवस्थित रूप से खडे दो चका और चार चका वाहनों और सड़क किनारे निर्धारित सीमा के बाहर रखी दुकान की सामग्री सहित फुटपाथ किनारे अनाधिकृत रूप से किये गए अस्थाई अतिक्रमण को हटवाकर आवागमान को सुव्यवस्थित बनानें की कार्यवाही की गई।

### दुकानों की हदों में रहकर करना होगा व्यापार

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक एवं निगमायुक्त द्वारा स्थानीय व्यापारियों से निर्धारित हदों में रहकर व्यापार करने का आग्रह करते हुए कहा गया कि सार्वजनिक सड़कों पर और फुटपाथ पर किया गया किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न केवल आम जनता के लिए परेशानी का सबब बनता है, बल्कि यातायात जाम का मुख्य कारण भी है। इस दौरान उपस्थित कर्मचारियों को सार्वजनिक मार्गो मे अतिक्रमण पाए जानें पर नियमानुसार कार्यवाही करनें की हिदायत भी दी गई।

### पैदल भ्रमण कर निरीक्षण

सुचारू यातायात व्यवस्था के मद्देनजर अधिकारियों द्वारा सामूहिक रूप से गोल बाजार एवं रूई बाजार का पैदल भ्रमण कर वहां की यातायात व्यवस्था का जायजा लिया तथा सुगम आवागमन हेतु मार्ग से अतिक्रमण हटाने की रूपरेखा तैयार करते हुए इस दिशा में शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

अधिकारियों द्वारा कार्यवाही के दौरान आवागमन व्यवस्था को सुचारू रखने हेतु विश्वकर्मा पार्क एवं रामलीला मैदान का निरीक्षण किया जाकर विश्वकर्मा पार्क को फोर व्हीलर वाहनों की पार्किंग हेतु तथा रामलीला मैदान को टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर वाहनों की पार्किंग के रूप में विकसित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

इस दिशा में तत्काल प्रभाव से एक संयुक्त कार्यवाही करते हुए वाहनों की पार्किंग को व्यवस्थित कराने हेतु व्यवस्था में कसावट लाने के निर्देश संबंधितों को दिए गए।

कार्यवाही के दौरान मौके पर नगर निगम के अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह सहित पुलिस विभाग की टीम एवं नगर निगम के अतिक्रमण अमले के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### रोजगार मेले में 37 महिलाओं का हुआ चयन

**कटनी।** कलेक्ट्रेट में बुधवार को महिलाओं के लिये आयोजित रोजगार मेला में अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा ने बंगलौर, तमिलनाडु की नामचीन निजी कंपनी के लिये चयनित 37 महिलाओं को ऑफर लेटर प्रदान किया गया। राज्य शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में केवल महिला आवेदिकाओं के लिए निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिला रोजगार अधिकारी डी के पासी ने बताया कि इस रोजगार मेले के द्वारा टाटा इलेक्ट्रानिक मैन्युफैक्चरिंग कम्पनी कृष्णागिरी तमिलनाडु कम्पनी द्वारा टेक्नीकल ऑपरेटर, क्वालिटी इंस्पेक्टर, मोबाईल एसेम्बलर, एसेमबिल आपरेटर पदों पर भर्ती हेतु साक्षात्कार का आयोजन किया गया। मेले में 60 महिला आवेदिकाओं ने भाग लिया। मेले में टेक्नीकल ऑपरेटर, क्वालिटी इंस्पेक्टर, मोबाईल एसेम्बलर व एसेमबिल ऑपरेटर के पदों हेतु कुल 37 महिलाओं का चयन किया गया। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा एवं उद्योग विभाग की महाप्रबंधक ज्योति सिंह चौहान द्वारा सभी चयनित आवेदिकाओं को ऑफर लेटर प्रदान किये गये।

### मच्छरों पर नियंत्रण हेतु रासायनिक धुआं छोड़ा



**कटनी।** नागरिकों की सुविधा एवं मच्छर जनित रोगों की रोकथाम को दृष्टिगत रखते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन में नगर के विभिन्न वार्डों में निगम टीम द्वारा फॉगिंग की जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि अभियान के तहत विगत देर शाम जालपा देवी वार्ड में वार्ड पार्षद की जानकारी में विभिन्न स्थलों सुक्खन चौक से शेर चौक, डॉ सन्मुख दास गली से सामुदायिक भवन होते हुए गौतम मोहल्ला, डाक घर गली, आदर्श कालोनी की विभिन्न गलियों, शक्ति नगर बस्ती सहित वार्ड की अन्य संवेदनशील क्षेत्रों, भीड़-भाड़ वाले इलाकों में प्राथमिकता से फॉगिंग कर मच्छरों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने की कार्यवाही की गई। निगम प्रशासन ने नागरिकों से आग्रह किया है कि सफाई व्यवस्था में सहयोग करते हुए घरों के आस-पास गंदगी एवं पानी न जमने दें, जिससे संभावित मच्छर जनित बीमारियों पर नियंत्रण लगाया जा सके।

### रामनारायण निगम का निधन पर दी श्रद्धांजलि

**बड़वारा।** मीडियाकर्मी अरुण निगम के चाचा एवम राजनारायण



(टेमल) निगम,रविन्द्र निगम के पिताजी का बुधवार रात्री करीब दो बजे आकस्मिक निधन हो गया। रामनारायण निगम कुछ समय से अस्वस्थ थे। निधन की खबर पाकर उनके शुभचिंतक बड़ी संख्या में उनके निवास पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे। मुक्ति धाम में बड़वारा भाजपा मंडल अध्यक्ष अनुराग गुप्ता ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### प्लेसमेंट ड्राइव आज

**कटनी।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में आज 5 दिसंबर को सुबह 9:30 बजे से शाम 3 बजे तक मुद्रा सोलर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इस प्लेसमेंट ड्राइव में कंपनी द्वारा विभिन्न तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदों पर भर्ती की जाएगी। अभ्यर्थी जो 12वीं, आईटीआई, बी.ए., बी. कॉम आरै बी.एस.सी. उत्तीर्ण हैं, वे समय पर उपस्थित होकर अपना आवेदन पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं।

---

### पन्ना जा रही थी बस, रीठी पुलिस ने की कार्यवाही, वाहन को किया जब्त

# नशे में धुत्त था बस चालक, दांव पर लगी थी दो दर्जन यात्रियों की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पन्ना की ओर जा रही बस में सवार करीब दो दर्जन यात्री बड़े हादसे का शिकार होते होते बच गए। दरअसल बस का ड्राइवर नशे में था। चालक द्वारा बस चलाते समय बार बार लहराते हुए चलाया जा रहा था। बस चालक की इस हरकत पर पुलिस को संदेह हुआ, जांच के दौरान बस चालक नशे में पाया गया।

### डरे सहमें बैठे रहे यात्री

जानकारी के अनुसार कटनी–दमोह मार्ग पर कटनी से पन्ना की ओर जा रही यात्री बस क्रमांक MP 41 R 0747 दोपहर के समय तेज रफ्तार में बार–बार सड़क पर असंतुलित होती दिखी। बस में मौजूद यात्रियों ने भी बताया कि चालक की हरकतें बेहद संदिग्ध थीं ब्रेक अचानक लगाना, बस को बेतरतीब ढंग से मोड़ना, सड़क के किनारे जाकर वापस मुख्य लेन में आना। यात्रियों को महसूस हो रहा था कि चालक गंभीर नशे की स्थिति में है। कई यात्री डर के कारण सीटों पर चिपक कर बैठ गए, तो कुछ ने एक-दूसरे को पकड़कर संतुलन बनाए रखा। बस में बच्चे, महिलाएँ और बुजुर्ग भी सवार थे, जिनकी जान हर पल खतरे में थी।




### राहगीरों ने पुलिस को दी सूचना

रीठी कस्बे में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर वाहनों की नियमित चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान राहगीरों और कुछ वाहन चालकों ने पुलिस को सूचना दी कि एक बस लहराती हुई आ रही है और उसका चालक नशे में लग रहा है। सूचना मिलते ही थाना रीठी की पुलिस टीम ने चेक पोस्ट पर बस को रोकने की तैयारी की और जैसे ही बस पहुंची, पुलिस ने उसे सुरक्षा के साथ साइड में रुकवाया।

### ब्रीथ एनालाइजर से हुई पुष्टि

बस रोके जाने के तुरंत बाद पुलिस ने चालक का परीक्षण किया जिसमें यह स्पष्ट हो गया कि चालक गंभीर शराब सेवन की अवस्था में था। उसकी चाल-ढाल, बोलने का तरीका और ब्रेथ एनालाइज़र की रिपोर्ट सभी यह साबित कर रहे थे कि वह सुरक्षित ड्राइविंग की स्थिति में बिल्कुल नहीं था। पुलिस टीम ने यह भी पाया कि चालक ने यात्रियों की सुरक्षा की कोई चिंता नहीं की और शराब पीकर लंबी दूरी की बस को चला रहा था।

### समय पर कार्यवाही नहीं होती तो हो जाता बड़ा हादसा

बस चालक के नशे में होने के चलते करीब 25 यात्रियों की जिन्दगी दांव पर लगी हुई थी। रीठी पुलिस ने कार्रवाई की और बस को जप्त कर लिया गया। चालक को मौके पर ही हिरासत में लेकर उसके खिलाफ धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

बस से सभी यात्रियों को सुरक्षित उतारकर पास ही दूसरी बस की व्यवस्था कराई गई, ताकि उनका सफर बाधित न हो और वे सुरक्षित अपने गंतव्य की ओर रवाना हो सकें। यात्रियों ने राहत की सांस लेते हुए पुलिस का आभार जताया। कई यात्रियों का कहना है कि यदि पुलिस द्वारा समय पर कार्यवाही नहीं करती और चालक वाहन को चलाते हुए आगे बढ़ जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

---



# बाल विवाह मुक्त कराने हेतु कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत के लिए 100 दिवसीय विशेष अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जनपद सभा कक्ष बड़वारा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्रीमती प्रभा तेक़ाम, परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास बड़वारा इंद्र कुमार साहू, पर्यवेक्षक प्रवीण मंसूरी, अर्पिता प्यासी एवं प्रियंका पांडे की उपस्थिति में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं जन अभियान परिषद महिला कार्यकर्ता पोषण सखी इत्यादि महिलाओं की उपस्थिति में बाल विवाह पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रोजेक्टर के माध्यम से भारत सरकार महिला बाल विकास में चल रहे कार्यक्रम को लाइव दिखाया गया एवं उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को बाल विवाह पर शपथ दिलाई गई

मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा समस्त महिलाओं को अपने गांव गांव क्षेत्र में बाल विवाह रोकने के लिए तत्काल कदम उठाए जाने का आह्वान किया गया परियोजना अधिकारी द्वारा बाल विवाह कानून के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्र में बाल विवाह रोकने के लिए तत्परता से कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाए इसके लिए विकासखंड एवं जिला स्तर पर बाल विवाह रोकने के लिए समिति गठित की गई है जिन पर जानकारी पहुंचाने के बाद तत्काल कार्रवाई की जाती है विकासखंड बड़वारा में आगामी समय में कहीं भी बाल विवाह होता है तो इस पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

---

### पुनर्वास केन्द्र में दिव्यांग सामर्थ्य प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित

# दृढ़ इच्छाशक्ति एवं सतत प्रयास से प्राप्त किया जा सकता है हर लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र कटनी में दिव्यांगजनों का सामर्थ्य प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के उपसंचालक अनुरोग मोदी मौजूद रहें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मार्दण्ड सिंह राजपूत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपने जीवन के संघर्षों और उपलब्धियों को साझा किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता किसी भी व्यक्ति के सपनों को रोक नहीं सकती। मजबूत इच्छाशक्ति और निरंतर प्रयास से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने दिव्यांग



अधिनियम 2016 की विस्तृत जानकारी देते हुए दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों और शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली योजनाओं से अवगत कराया।

इसी प्रकार उपसंचालक श्री अनुराग मोदी ने कहा कि दिव्यांग शब्द केवल शारीरिक कमी का नहीं, बल्कि विशेष क्षमता का प्रतीक है। जब ईश्वर एक क्षमता घटाता है, तब वह व्यक्ति को किसी अन्य क्षमता में और अधिक समर्थ बनाता है। उन्होंने दिव्यांगजनों से अपनी प्रतिभाओं को पहचानने एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। साथ ही शासन की पुनर्वास एवं सहायता संबंधी योजनाओं की भी विस्तार से जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम के तहत दिव्यांग प्रतिभागियों के लिए कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कैरम प्रतियोगिता में संजय प्रथम, शिवनारायण चौधरी द्वितीय तथा संजय तृतीय स्थान पर रहे। शतरंज प्रतियोगिता में राजेन्द्र कोरी प्रथम एवं चन्द्रशेखर द्वितीय रहे। गीत गायन प्रतियोगिता में संदीप रजक प्रथम एवं राजेन्द्र कोरी द्वितीय रहे। जलेबी दौड़ प्रतियोगिता में लक्ष्मी चौधरी प्रथम तथा वैदिक श्रीवास्तव द्वितीय स्थान पर रहे। इसके अलावा बैडमिंटन प्रतियोगिता में मुकेश ने प्रथम एवं बलराम कोरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांगजनों को दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं डिजिटल प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही सभी प्रतिभागियों एवं उपस्थित दिव्यांगजनों को उपहार भेंट स्वरूप प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से प्रीति श्रीवास्तव, दिव्यांशु कुररिया, नम्रता चौबे, प्रियंका रावत एवं भरत, जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र कटनी से मयंक मिश्रा मौजूद रहे।

---

### जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में न बरतें कोताही




जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। समग्र ईकेवाईसी, निर्माणाधीन अपूर्ण निर्माण एवं विकास कार्य और आवास पूर्णता, श्रमिक नियोजन और लेवर बजट में वृद्धि, मनरेगा योजना अंतर्गत सामग्री भुगतान, एक बगिया मां के नाम, जल संवर्धन सहित एजेंडा के अनुसार अन्य विषयों पर प्रगति लाएं। इस आशय के निर्देश जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री यजुवेंद्र कोरी ने बुधवार को मंगल भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में ग्राम पंचायतों के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं योजना प्रभारी अधिकारियों को दिए। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हर सिमरनप्रीत कौर द्वारा विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण किया जाकर जनपद स्तरीय अधिकारियों को निरंतर आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं। जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक में सीईओ श्री कोरी ने न्यूनतम प्रगति वाली ग्राम पंचायतों को विशेष रूप से सजग रहकर प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया। समीक्षा बैठक में सहायक यंत्री अजय केसरवानी, आरपी मार्को,अभिषेक भार्गव, संतोष पाठक, धर्मेंद्र पटेल, अजिताभ सिंह ,केपी परोहा, विनोद एवं अन्य अधिकारियों कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

---

# करोड़ों खर्च होने के बाद भी पानी नसीब नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

सिलौंडी क्षेत्र के हर गांव में जल जीवन मिशन के कार्य अधूरे पड़े है। विधायक की समीक्षा बैठक, कलेक्टर की जन सुनवाई में अनेक बार शिकायत होने के बाद भी सिलौंडी, कछार गांव, नेगाई लालपुर में बहुप्रतीक्षित नल-जल योजना का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। हर घर में नल के माध्यम से सभी वर्ग के लोगों को साफ स्वच्छ जल देने की योजना में जिम्मेदार लीपापोती कर रहे है। ग्रामीणों को घर-घर शुद्ध पेयजल की सुविधा मिलने की उम्मीद थी, लेकिन लंबे समय बीत जाने के बाद भी परियोजना पूरी नहीं हो सकी है। ग्रामीणों का कहना है कि न तो पाइपलाइन का कार्य सही ढंग से हुआ है, न ही जल स्रोत से जुड़ा टंकी निर्माण कार्य मानकों के अनुसार संपन्न हुआ है।



जानकारी के अनुसार सिलौंडी में 2 करोड़ 30 लाख से नेगाई, कछार गांव बड़ा, लालपुर ग्राम पंचायत में नल-जल योजना के तहत लाखों रुपए का बजट स्वीकृत किया गया था। इसका उद्देश्य था कि हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचे ताकि गांव की महिलाओं को अब दूर-दराज़ से पानी लाने की मशक्कत न करनी पड़े लेकिन योजना के आरंभ होने के कई महीने बीत जाने के बाद भी इसका लाभ ग्रामीणों तक नहीं पहुंच सका। पाइपलाइन कई स्थानों पर उखड़ी हुई पड़ी है, कुछ जगह पाइपों को आधा अधूरा गाड़ा गया है। पानी की सप्लाई शुरू करने की बात तो दूर, जल स्रोत से गांव तक का कनेक्शन ही सही तरह से नहीं जोड़ा गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि कार्य में लापरवाही बरती गई। गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग किया गया और कई स्थानों पर तो पाइपों को जोड़ने में मानक प्रक्रिया का पालन ही नहीं किया गया। ग्रामवासियों का कहना है कि इंजीनियर ने सही रूप से निरीक्षण नहीं किया जब ग्रामीणों ने उनसे शिकायत की तो उन्होंने सिर्फ आश्वासन दिया लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। यदि इंजीनियर समय-समय पर निरीक्षण करते और गुणवत्ता पर ध्यान देते, तो आज काम पूरा हो चुका होता।

---

### शोभायात्रा के साथ सप्ताह ज्ञान यज्ञ का हुआ शुभारंभ

# भागवत कथा स्थल जाने एवं श्रवण से सारे तीर्थों का मिलता है पुण्य फल

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

जहां भागवत कथा होती है वहां समस्त तीर्थों का, समस्त नदियों का ,समस्त पवित्र क्षेत्रों का आगमन होता है। भागवत कथा में जाने से सारे तीर्थों का स्नान करने का पुण्य प्राप्त हो जाता है। उक्त विचार पंडित दिलीप पौराणिक ने उत्तमपुर टिकुरी स्थित हरिदास महाराज मंदिर में शुरू हुए सप्ताह ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिवस बुधवार को व्यक्त किये। निकली भव्य कलश शोभायात्रा-श्रीमद भागवत महापुराण एवं ध्वजारोहण महोत्सव का आयोजन भव्य कलश शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ।

कलश शोभायात्रा गाँव भ्रमण करते हुए कथा स्थल पहुँची। शोभायात्रा मै कन्याएं व महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर



श्रीराम -कृष्ण की धुन शोभायात्रा मै गूंज रही थी! वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आगाज हुआ।आयोजक समिति ने बताया कि 9 दिसंबर संगीतमय महापुराण चलेगा व 9 दिसंबर को ही ध्वजारोहण महोत्सव होगा।

कथा के पहले दिवस कथा वाचक पंडित दिलीप पौराणिक ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण अवसर मनुष्य को बड़े पुण्य से प्राप्त होता है एवं इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति की सभी जरूरतें परमात्मा पूर्ण करते हैं। जैसे कल्पवृक्ष के नीचे जाने से सारी कल्पनाएं हकीकत में बदल जाती है वैसे ही श्रीमद्भागवत का श्रवण कलयुग में साक्षात कल्पवृक्ष है जो हमारी सभी इच्छाओं को पूर्ण करता है। जब जीवन में करोड़ों जन्मों का पुण्य उदय होता है तब भागवत कथा में जाने का अवसर प्राप्त होता है। भागवत सप्ताह से हमारा चिंतन, हमारा मनन, हमारी सोच, हमारी मन स्थितियां बदलती है।भक्त निरंतर भक्ति करते हुए भगवान के भरोसे हो जाए तो संकट में भगवान ही उसकी रक्षा करते हैं।

हमेशा भगवान के चरणों से जुडक़र रहो, संकट के समय यह पक्का आधार अवश्य काम आएगा। जिस तरह भक्तिमयी मीरा ठाकुरजी को आधार मानकर विष का प्याला पी गई थी तो भक्ति के आधार ने ही उसकी रक्षा की थी। जिस दिन प्रभू से मिलना होगा, उस दिन सहज मुक्ति मिल जाएगी। सांसारिक जीवन में एक ओर दुःख-संताप का सागर दिखाई देता हैं तो दूसरी ओर अधिक धन-सम्पत्ति पाने की लालसा जो संत के संताप अपनी ओर खींचे, वह सच्चा गुरू है।

---

### प्रशिक्षण सह कार्यशाला में जिपं सीईओ ने सफलता के दिए टिप्स

# 'मां की बगिया' से दीदियां लिखेंगी आर्थिक समृद्धि की इबारत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

₹एक बगिया मां के नाम₹ के अंतर्गत किए गए पौधारोपण से आजीविका मिशन अंतर्गत गठित स्वसहायता समूहों की दीदियां जिन्हें हितग्राही के रूप में चिन्हित किया गया है वे भविष्य में आर्थिक समृद्धि की इबारत लिखेंगी। कुछ इस आशय के विचार जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने आजीविका मिशन द्वारा आयोजित प्रशिक्षण सह कार्यशाला शाला में समस्त विकास खंडों से उपस्थित स्वसहायता समूह के सदस्यों से रूबरू होते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि पौधारोपण के विभिन्न चरणों को भली भांति समझे और कार्यस्थल पर जाकर फलीभूत करें। धन राशि के एक-एक पैसे का सदुपयोग करें। उन्होंने आगे कहा कि यह योजना आपको आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वावलंबन की दिशा में माइल स्टोन साबित होगी। इसकी सफलता हेतु उन्होंने टिप्स दिए। इस दौरान उन्होंने सहायता समूह की



महिलाओं अनुभव साझा करने को कहा। रमा ठाकुर ने अपने अनुभव और विचार साझा किए। आर्थिक सहायता एवं जिला प्रशासन से जो भी मदद संभव होगी तत्परता पूर्वक दी जाएगी। अवगत होवे कि जिला पंचायत के सभाकक्ष में ₹एक बगिया मां के नाम₹ के अंतर्गत चयनित हितग्राहियों को पौधारोपण करने एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दृष्टि से हितग्राहियों के उन्मुखीकरण हेतु प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में समस्त विकास खंडों से 30-30 हितग्राहियों को प्रशिक्षण हेतु आहूत किया गया था।

जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर प्रशिक्षण के उद्देश्य को आत्मसात करते हुए पौधों के बेहतर रखरखाव,देखभाल करने को कहा। राज्य आजीविका मिशन की जिला प्रबंधक शबाना बेगम ने मां की बगिया के अंतर्गत पौधारोपण के संबंध में आवश्यक जानकारी से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्रति 25 एकड़ पर एक एक कृषि सखी की तैनाती की जाएगी। उद्यानिकी विभाग से शिवकुमारी पांडे एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा अजीत सिंह परिहार द्वारा पौधारोपण के विभिन्न चरणों, विधियों, देखभाल,सुरक्षा के तरीकों, निर्देशों और नियमों की विस्तार से जानकारी दी गई।

### परियोजना की खासियत

इस परियोजना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इस कार्य पर व्यय होने वाली समस्त राशि हितग्राही के खाते में आएगी।

जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि इसका उद्देश्य स्व सहायता समूह की महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण, निजी भूमि पर फलदार पौधे लगाना, सहरोजगार एवं आय के स्त्रोतों में वृद्धि एवं पर्यावरण संरक्षण है। उन्होंने बताया कि परियोजना से आर्थिक लाभ, महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र दोनों में उत्पादन को बढ़ावा देना आदि है।

प्रशिक्षण सह कार्यशाला में कमलाकर मिश्रा, सुधीर बिंद, विवेक द्विवेदी, धर्मेंद्र गुप्ता, सूर्य प्रताप सिंह बघेल आदि उपस्थित रहे।

---

# ट्रेनों के स्टापेज की मांग शीघ पूरी होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

लंबे समय से क्षेत्रीय जनमानस के द्वारा स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेनों की स्टॉपेज की मांग, आरक्षण केंद्र खोले जाने जैसे विभिन्न जन सुविधा की मांग क्षेत्रीय विधायक और सांसद से लगातार की जा रही थी। गत दिनों स्लीमनाबाद आगमन के दौरान सांसद वी डी शर्मा से इस संबंध में ग्रामीण जनों ने पुरजोर मांग रखी थी जिस पर उन्होंने आश्वस्त किया था कि आपकी इन मांगों को पूरा किया जाएगा। खजुराहो संसदीय क्षेत्र के सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर खजुराहो संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कटनी जिले के स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेनों की स्टॉपेज हेतु मांग पत्र रेल मंत्री को दिया जिसमें उन्होंने स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन में रीवा इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन, जबलपुर लखनऊ चित्रकूट एक्सप्रेस ट्रेन, जबलपुर अंबिकापुर इंटरसिटी व जबलपुर सिंगरौली इंटरसिटी ट्रेन को स्लीमनाबाद में रोके जाने हेतु केंद्रीय रेल मंत्री को मांग पत्र सौपा।

गौरतलब है कि क्षेत्रीय विधायक प्रणय पांडे के द्वारा सांसद से बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के रीठी और स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज आरक्षण केंद्र खोले जाने हेतु मांग पत्र सौपा। सांसद के मांग पत्र पर रेलमंत्री ने आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी मांगो को पूर्ण किया जायेगा।

विधायक और सांसद की इस पहल पर मंडल अध्यक्ष दीपू शुक्ला, गोलू तिवारी, रवि दुबे,चंद्रशेखर अग्रहरि,रतन गुप्ता, सुनील गुप्ता,संजय दुबे,राहुल सिंह,मंटू अग्रहरि,विनोद दुबे,जगदेव पटेल, शालू दुबे,मनीष मिश्रा,विजय अग्रवाल संतोष सिंह,अरविंद अग्रहरि सहित आम जनमानस में हर्ष का माहौल है।

**खबर संक्षेप**

## 20 मार्च को ट्रेन जगन्नारथपुरी की तीर्थ यात्रा पर जाना प्रस्तावित

**दमोह।** मुख्योमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत 31 जनवरी 2026 को ट्रेन वैष्णो देवी तथा 20 मार्च 2026 को ट्रेन जगन्नारथपुरी की तीर्थ यात्रा पर जाना प्रस्ता वित है। कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर ने कहा है जिले के जो आवेदक (म.प्र. के वरिष्ठरजन जिनकी आयु 60 वर्ष या अधिक आयु के व्यलक्ति, महिलाओं के मामले में 02 वर्ष की छूट, जो आयकर दाता नही है, वैष्णोहदेवी अथवा जगन्नााथपुरी की तीर्थ यात्रा के लिए जाना चाहते है, वे आवेदक अपने आवेदन पत्र अपने निकटतम स्था6नीय निकाय (नगर पालिका/ नगर परिषद/ जनपद कार्यालय ) में वैषणोदेवी तीर्थ यात्रा हेतु 17 जनवरी 2026 तथा जगन्नामथपुरी तीर्थ यात्रा हेतु 06 मार्च 2026 तक आवश्यपक दस्तानवेजों सहित जमा कर सकते है। उन्होंहने यात्रियों से अपेक्षा की है कि वे मौसम के अनुरूप वस्त्रप, उनी वस्त्र2, व्यआक्तिगत उपयोग की सामग्री यथा कंबल, चादर, तौलिया, साबुन, कंघा, आवश्यहक दवाईयां, दाढी बनाने का सामान, आदि साथ में रखें। उन्हों ने कहा आवेदन पत्र के साथ संलग्ना नियमानुसार घोषणा पत्र अनिवार्य रूप से भरकर प्रस्तुउत किया जाये।

## ओवर लोड वाहनों से सड़कों की हालत जर्जर

**पथरिया।** क्षेत्र में गिट्टी,रेत अवैध मुरम के ओवर लोड भारी वाहनों की आवाजाही से अनुविभागीय मुख्यालय अंतर्गत प्रमुख सड़कों की हालत जर्जर हालत में हो गई है वही पुलिस व खनिज विभाग के अधिकारियों की नजर अंदाजी कहें या फिर कुछ और कि इस ओर ध्यान नही दिया जाता ना ही कार्यवाही की जा रही है जिससे कि इन भारी वाहनों व ओवर लोड वाहनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर जुर्माना लगाया जाए ताकि इस पर रोक लग सकें।

## दुष्कर्म के फरार इनामी आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**छतरपुर।** न्याय पथ अभियान के तहत थाना सरवई के 4 वर्ष पुराने वर्ष 2021 के दुष्कर्म एवं पोक्सो एक्ट प्रकरण में फरार 10000 के इनामी आरोपी रवि भुर्जी पिता मंगी प्रसाद भुर्जी निवासी ग्राम नांद को गिरफ्तार किया। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सरवई उप निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह यादव, आरक्षक पवन, प्रवीण की भूमिका रही।

### पीडीएस, मध्यान्ह भोजन और आंगनवाड़ी सेवाओं की गुणवत्ता की हुई गहन समीक्षा, बैठक में दिये अहम दिशा निर्देश

# राज्य खाद्य आयोग अध्यक्ष ने खाद्यान्न एवं पोषण योजनाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिले में संचालित सार्वजनिक वितरण प्रणाली की सभी उच्च मूल्य दुकानों का रोस्टर के अनुसार निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। प्रति दुकान का 3 माह में निरीक्षण हो जाए सभी उचित मूल्य की दुकानों में पीओएस मशीनों का होना सुनिश्चित हो। इस आशय के निर्देश मध्य प्रदेश राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष प्रोफेसर वीरेंद्र कुमार मल्होत्रा ने जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान दिए। उन्होंने कहा वन नेशन वन राशन राशन कार्ड के तहत जिले में प्रदेश के बाहर के कितने हितग्राहियों द्वारा खाद्यान्न लिया जा रहा है, जानकारी अपडेट रखी जाए। राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष जिला कार्यालय सभा कक्ष में खाद्यान्न के संबंध में समीक्षा बैठक में दिशा निर्देश दे रहे थे। बैठक के पूर्व आयोग के अध्यक्ष श्री मल्होत्रा जिले के भ्रमण पर गए थे और उन्होंने मध्यान भोजन और आंगनबाड़ी केद्रों में वितरित किए गए खाद्यान्न का भी जायजा लिया।

राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष श्री मल्होत्रा ने अधिकारियों से कहा कि मध्यान भोजन में पानी और हाइजीन पर कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए साथ ही यह भी कहा कि खाने में उपयोग आने वाले मसाले गुणवत्ता पूर्ण हो सुनिश्चित किया जाए। प्रोफेसर मल्होत्रा ने कहा भ्रमण जाने पर अधिकारी स्कूल की कक्षाओं में जाकर बच्चों को मोटिवेट करें, इससे उन्हें आगे बढ़ाने में मदद भी मिलेगी।

बैठक के दौरान मुख्य कार्यपालिका अधिकारी जिला पंचायत श्री फुलपगारे ने बताया कि मध्यान भोजन के लिए सभी स्कूलों हेतु राशि जारी कर दी गई है, इसी क्रम में आंगनबाड़ी केन्द्रों के संबंध में भी समीक्षा कर जिला कार्यक्रम अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक के पूर्व म.प्र. राज्य खाद्य आयोग अध्यक्ष प्रो. वीरेन्द्र कुमार मल्होत्रा ने दमोह जिले में भ्रमण के दौरान पी.डी.एस. कौरासा में उपलब्ध खाद्यान्न एवं मध्यान्ह भोजन तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों के लिये वितरित किये गये खाद्यान्न की समीक्षा की तथा नागरिक आपूर्तिनिगम के जिला प्रबंधक को समय पर संबंधित पीडीएस. में खाद्यान्न उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने आंगनवाड़ी केन्द्र बांसा कला में सांझा चूल्हा कार्य के तहत वितरित किये जा रहे पोषण आहार एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली तथा शासकीय माध्यमिक शाला बांसाकला, एकीकृत शाला पडरिया में पोषण शक्ति निर्माण अंतर्गत वितरित किये जा रहे मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण, किचिन शेड एवं बर्तनों की साफ-सफाई तथा भोजन वितरण संबंधी अभिलेखों का निरीक्षण किया। प्रो. श्री मल्होत्रा ने भ्रमण के उपरांत दमोह शहरी क्षेत्र अंतर्गत निर्मित केन्द्रीयकृत किचिन शेड दमोह का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान भोजन चखा एवं मशीनों आदि का निरीक्षण कर साफ-सफाई व पानी की जांच हेतु निर्देश दिये । निरीक्षण के दौरान प्रभारी अधिकारी एमडीएम, महिला बाल विकास विकास विभाग, शिक्षा आदि के अधिकारी मौजूद रहे।

## घूघस महायज्ञ में लक्ष्य द्वारा संस्कार व शिक्षा का महासंगम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ

तहसील के ग्राम घूगस में जारी 11 दिवसीय श्री सीताराम महायज्ञ के दसवें दिन श्रद्धा और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला।लक्ष्य शिक्षा एंड राहत कोष फाउंडेशन (दमोह टीम) ने ग्रामीण अंचलों से आए 700 से अधिक छात्र-छात्राओं को निःशुल्क शिक्षण सामग्री वितरण कर बच्चों के भविष्य में नई रोशनी भरी। सामग्री पाते ही बच्चों के मासूम चेहरों पर जो खुशी झलकी, उसने पूरे कार्यक्रम का माहौल और भी भावुक कर दिया। व्यास पीठ यज्ञाचार्य पंडित मुकेश मिश्रा एवं मयंक के कर कमलों से पाँच बालिकाओं को सामग्री देकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके बाद उपस्थित सभी बच्चों को लक्ष्य फाउंडेशन की टीम व अतिथियों द्वारा सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रांत प्रचारक रूपेंद्र सिंह लोधी ने कहा—संस्कारों के साथ उच्च शिक्षा ही ऐसा संगम है, जो राष्ट्र के लिए उत्कृष्ट और आदर्शवान नागरिक तैयार कर सकता है। लक्ष्य फाउंडेशन द्वारा धार्मिक कार्यक्रम में शिक्षा का समावेश प्रेरणादायी कदम है।" ग्रामीणों ने इस पहल को बच्चे के भविष्य को उज्ज्वल बनाने वाला कदम बताया है धार्मिक अनुष्ठान के बीच शिक्षा को प्राथमिकता देना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ हैकार्यक्रम में बटियागढ़ तहसील के सभी पत्रकार, व्यापारी वर्ग और जनप्रतिनिधियों ने सहयोग दिया। विशेष उपस्थिति—भरत सिंह ठाकुर,साहब सिंह लोधी (सिहेरा),धीरज सिंह (सरपंच सगरोन),मूरत सिंह (सरपंच सुनवाहा),श्रीकांत पटेल (बटियागढ़ सरपंच प्रतिनिधि), देव सिंह, बब्बू सिंह, भान सिंह,संतोष सिंह (बेलखेड़ी), नरेंद्र तिवारी, राजा ठाकुर (कैथोरा),डॉ. द्वारका प्रसाद अठया (कनोरा),सुरेंद्र सिंह (टिकरी),रवि विश्वकर्मा (बटियागढ़)तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण व युवा उपस्थित रहे।

## तहसीलदार एवं पटवारियों ने बच्चों को बांटे गर्म स्वेटर



**दमोह।** ग्राम जमुनिया के प्राइमरी स्कूल में गत दिवस को एक हृदयस्पर्शी पहल देखने को मिली, जब तहसीलदार पारुल चौधरी एवं पटवारियों ने छोटे-छोटे बच्चों को ठंड से बचाव के लिए गर्म स्वेटर वितरित किए। यह पहल सामाजिक सरोकार और मानवीय संवेदना का एक सुंदर उदाहरण बनी, जिसने स्थानीय समुदाय में भी सकारात्मक संदेश फैलाया। ठंड के बीच मिले इन स्वेटरों ने बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। कार्यक्रम के दौरान तहसीलदार पारूल चौधरी ने कहा ठंड के मौसम में बच्चों का सुरक्षित और स्वस्थ रहना सबसे महत्वपूर्ण है। विद्यालय के शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे बिना किसी परेशानी के नियमित रूप से विद्यालय आ सकेंगे। बच्चों ने भी खुशी जाहिर की और धन्यवाद देते हुए कहा अब उन्हें ठंड में स्कूल आने में कोई दिक्कत नहीं होगी।

## विशेष शिक्षा संस्थान एवं पुनर्वास केंद्र के दिव्यांग बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया



**दमोह।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर स्थान जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र दमोह में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमे राष्ट्रीय न्यास (छंजपवदंस ज्तनेज) सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार से पंजीकृत निःशक्त व्यक्ति (एम.आर., सी.पी., ऑटिज्म, एम.डी.) अभिभावक संघ द्वारा संचालित प्रेरणा विशेष शिक्षा संस्थान एवं पुनर्वास केंद्र दमोह मध्य प्रदेश मे पंजीकृत दिव्यांग बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिए । कार्यक्रम मे प्रेरणा विशेष संस्थान के दिव्यांग बच्चों द्वारा निम्नलिखित प्रतियोगिता में भाग लिया गया। जिसमें माही अहिरवार नृत्य में प्रथम एवं चित्रकला में तृतीय, हरिओम चौरसिया नृत्य में तृतीय एवं रंगोली में प्रथम, सोमिल चौरसिया रंगोली में तृतीय, नेहा राय जो कि अपने पैरों से चित्र बनाई थी (चित्रकला) में प्रथम स्थान, अनन्या लोधी रंगोली द्वितीय एवं नृत्य में सांत्वना पुरस्कार, प्रणव श्रीवास्तव रंगोली में तृतीय एवं नृत्य में सांत्वना, एवं अंकित जैन आयुषी जैन, विनय प्रजापति, परमीत हुडा, गिरिराज सिंह लोधी, पूजा आठिया, सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। संस्था के समस्त दिव्यांग बच्चों ने उत्कृष्ट प्रतिभा दिखाकर संस्था और जिले का मान बढ़ाया एवं गौरवान्वित किए। कार्यक्रम में उपस्थित अभय कुमार दुबे संस्था अध्यक्ष, श्रीमती अनीता दुबे संस्था संचालिका, नरेंद्र प्रताप सिंह संस्था प्राचार्य, बलराम शर्मा ऑफिस सहायक, मानसी रैकवार, आकांक्षा रैकवार सहायक शिक्षिका, चंदा विश्वकर्मा सहायक फिजियोथैरेपिस्ट, श्रीमती उषा नामदेव एवं अभिभावक व दिव्यांग बच्चे इस पावन अवसर के साक्षी बनें ।

## चार दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ

तेजगढ़ से लगभग 3 किलोमीटर दूर पड़रिया करौदी सिंगोरगढ़ में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र वासियों और सभी के सहयोग से क्षेत्र के युवको का मनोबल बढ़ाने और ग्राम का नाम उज्जवल बनाने के लिए ग्राम की बुल्स कबड्डी क्लब पड़रिया के तत्वाधान में चार दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ग्राम पड़रिया में 4 दिसंबर 2025 को लोधी क्षत्रिय समाज के जिला अध्यक्ष भाव सिंह लोधी ने भारत माता, महत्मा गाँधी के चित्र पर फूल माला ओर रोरू लगाकर पूजन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रतियोगिता में अनेकों जिलों के कबड्डी खिलाड़ियों की टीम भाग लेंगे जैसे भोपाल,नरसिंहपुर, जबलपुर, निवाड़ी, सागर,गढ़ाकोटा बक्सवाहा,रहली, की, टीम खेलेगी जिस प्रतियोगिता के सूत्रधार ठाकुर खेत सिंह, राजेंद्र सिंह, चंद्रभान सिंह,दिलीप सिंह, युवा कपल सिह लोधी,और ग्राम वासियों के संपूर्ण सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें क्षेत्र वासियों से लेकर सभी से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्राम की आयोजित समिति द्वारा सभी को कार्यक्रम में आमंत्रित किया जा रहा है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिओ से लेकर ग्राम वासियो की उपस्थित रही।

## जबेरा में धान खरीदी केंद्र का हुआ शुभारंभ



**जबेरा।** जनपद पंचायत जबेरा क्षेत्र के ग्राम जबेरा में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की औपचारिक शुरुआत आज चौबे बेयर हाउस में की गई। शुभारंभ के सु अवसर पर राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के पिता भाव सिंह लोधी उपस्थित रहे जहां उन्होंने विधिवत कांटों का पूजन करके खरीदी केंद्र का उद्घाटन किया। उक्त अवसर पर उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित समर्थन मूल्य पर यह खरीदी केंद्र किसानों की सुविधा के लिए प्रारंभ किया गया है मेरा सभी किसानों से आग्रह है कि अपनी उपज लेकर के निःसंकोच तुलाई करवा सकते हैं। उन्होंने खरीदी केंद्र पर पदस्थ सभी कर्मचारियों से भी आग्रह किया कि किसी भी किसान को किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना हो एवं खरीदी प्रक्रिया शासन की मनसा अनुसार पूरी तरह पारदर्शी व सुचारू रहे। शुभारंभ के दौरान केंद्र में पहुंचे किसान अमित जैन का पुष्पमाला पहना कर एवं तिलक लगाकर के स्वागत किया जिससे वातावरण में उत्साह झलक उठा। विलंब से ही सही परंतु इस केंद्र के शुरू होने से क्षेत्र के किसानों में राहत एवं संतोष का माहौल है क्योंकि अब खरीदी एवं भुगतान की प्रक्रिया सधे हुए ढंग से आगे बढ़ने की उम्मीद है।

**माघ दशमी से चंडी पूर्णिमा तक दस दिनों तक चलता है भव्य मेला**

## रंजरा में चंडी माता दरबार की 84 वर्षों से अखंड आस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



दमोह जिले के ग्राम रंजरा में स्थित चंडी माता दरबार धाम आज भी आस्था, परंपरा और चमत्कारों का ऐसा जीवंत केंद्र है, जहां भक्त अपनी मनोकामनाओं के पूर्ण होने का विश्वास लेकर पहुंचते हैं। माता चंडी की प्राचीनता का स्पष्ट इतिहास भले उपलब्ध न हो, परंतु यहां के पांडा परिवार की तीन पीढ़ियों—हमीर सिंह गोंड, हरि सिंह गोंड और तेजी सिंह गोंड—की मान्यता और अनुभव इस स्थान को सिद्धधाम का दर्जा देते हैं। स्थानीय पांडा बताते हैं कि 1945 में हरि सिंह गोंड को चंडी माता की सवारी आने लगी, जिसके बाद उनके द्वारा ज्वारे बोने की परंपरा शुरू हुई। यह आस्था धीरे-धीरे पूरे क्षेत्र में फैली और उसी वर्ष गांव में माता का चबूतरा स्थापित किया गया। बाद में 1955 में हरि सिंह गोंड और ग्रामीणों की इच्छा से पहला चंडी मेला आयोजित हुआ, जो तब से लगातार 80 से अधिक वर्षों से लग रहा है। माता चंडी के दरबार में सूनी गोद भरने, संतान प्राप्ति, संकट दूर होने और मनोकामनाएं पूर्ण होने की कथाएं आज भी गांव-गांव में सुनाई देती हैं। मन्नत पूरी होने पर भक्त यहां प्रसादी चढ़ाते हैं, भंडारा करवाते हैं और खुशी में बधाई नृत्य भी करवाते हैं—जो कि विख्यात करीला धाम की परंपरा का ही स्वरूप माना जाता है। 2001 में हवन सिंह ठेकेदार के खोए हुए पैसे माता की कृपा से वापस मिलने पर उन्होंने अपनी मन्नत पूरी होने की खुशी में चंडी माता का वर्तमान माड़िया (मंदिर परिसर) का निर्माण कराया, जिसने मंदिर परिसर की भव्यता को और बढ़ा दिया।

### दस दिनों तक चलता है चंडी दरबार का महापर्व

माघ मास की दशमी तिथि से शुरू होने वाला यह चंडी मेला चंडी पूर्णिमा तक भव्यता से चलता है। भक्तों की निरंतर आने वाली भारी भीड़ के कारण यह आयोजन लगभग दस दिनों तक पूरे शबाब पर रहता है, जिसमें रोज़ाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के चरणों में नमन करने पहुंचते हैं। इस दौरान पूजा-पाठ, नृत्य, भंडारा और परंपरागत अनुष्ठानों की लड़ी निरंतर चलती रहती है। ग्राम पंचायत रंजरा के पांडा एवं पूर्व सरपंच तेजी सिंह गोंड तथा युवा दीपेश पांडेय द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, चंडी माता का यह वार्षिक मेला अब न सिर्फ रंजरा की पहचान बन चुका है बल्कि आसपास के गांवों का प्रमुख धार्मिक आयोजन भी है। रंजरा का चंडी माता दरबार आज भी भक्ति, परंपरा और चमत्कारों का स्थायी प्रतीक बना हुआ है।

## रंजरा में प्रभु श्रीराम की कृपा से 24 घंटे का अखंड रामायण पाठ सम्पन्न



**बनवार।** ग्राम रंजरा में प्रभु श्रीराम की कृपा और भक्तों की अटूट श्रद्धा के साथ पंडित श्री रमेश पांडे के निज निवास पर 24 घंटे अखंड रामायण पाठ का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। पूरे गांव का वातावरण "राम-नाम" की पावन ध्वनि से गूंजता रहा और श्रद्धालुओं ने रामचरितमानस के दिव्य संदेशों का रसपान किया।रामायण पाठ में ग्राम के अनेक श्रद्धालु दिन-रात शामिल हुए। विशेष रूप से दीपेश पांडेय, कड़ोरी विश्वकर्मा, गोपाल पांडेय, बीरेंद्र पांडेय, मुन्ना विश्वकर्मा, चरन मुकद्दम, हिम्मत मुकद्दम सहित गांव के अन्य अनेक ग्रामवासियों की उपस्थिति ने इस आयोजन को और अधिक सफल व आध्यात्मिक बना दिया। पूरे आयोजन के दौरान भक्तों ने भजन-कीर्तन, मानस पाठ, आरती और संकीर्तन के माध्यम से प्रभु श्रीराम के चरणों में अपनी भक्ति समर्पित की। भक्तों ने माना कि "रामचरितमानस केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला दिव्य मार्गदर्शक है।" पाठ के दौरान घर का वातावरण एक मंदिर जैसा पवित्र अनुभव करा रहा था, जहां हर क्षण श्रीराम की कृपा और मां सीता की वात्सल्यमयी छाया महसूस की जा सकती थी।

## नृत्य संगीत समारोह के मंच पर कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति



**दमोह।** युवक क्रांति संगठन एवं जनपरिषद चेप्टर दमोह के संयुक्त तत्वाधान में अखिल भारतीय नृत्य संगीत समारोह का भव्य आयोजन स्थानीय मानस भवन में राष्ट्रीय जन परिषद के संयोजकरामजी श्रीवास्तव ,मिसेज यूनिवर्स टायटेनिक ब्युटी प्रगति सेठ,दमोह के भाव सिंह लोधी नोहटा, पूर्व विधायक अजय टंडन, इंजी आर.के.जैन, सुलेखा मिश्रा, श्रीमति मालती असाटी, रूपचंद जैन, नन्हें सिंह ठाकुर, डॉ.विक्रांत चौहान, डॉ केदार शर्मा,वीरेन्द्र दबे,लालचंद राय,स्वप्निल बजाज, इंजी.आर.के.जैन, संजय जैन, संजय पालीवाल, जगजीत सिंह वाधवा, आजम खान,के आतिथ्य में अखिल भारतीय नृत्य संगीत समारोह एवं प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया गया। प्रारंभ में अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन पश्चात अतिथियों का स्वागत संस्था पदाधिकारी सुधीर विद्यार्थी, मनोज जैन, दिनेश प्यासी,एड.अभिषेक सिंघई, सौरभ विद्यार्थी, अकरम खान, प्रीति गौतम,किरण गोस्वामी,मधुवाला जैन आदि ने किया।तद्पश्चात समूह नृत्य सीनियर,समूह नृत्य जूनियर,एकल नृत्य सीनियर,एक नृत्य जूनियर,कत्थक नृत्य,स्पर्धा में जहां प्रतियोगियों ने भव्य तथा आकर्षक प्रस्तुति की वहीं छिदवाड़ा से विकास मालवी के निर्देशन महाकाल नृत्य की भव्य प्रस्तुति ने भारी मात्रा में उपस्थित जन समूह को मत्रमुग्ध कर दिया।

## अजबधाम गुरुकुलम में गीता पाठ का आयोजन



**अजबधाम।** अजब धाम में संचालित गुरुकुलम में श्रीमद् भागवत गीता पाठ का आयोजन रामानुग्रह दास छोटे सरकार के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा ओम ध्वनि, मंत्रोच्चार तथा पंद्रहवें अध्याय का शुद्ध सामूहिक पाठ किया गया। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर महराज नवीन बिहारी, अभिरामदास महराज, महिमानंद शास्त्री, कमलेश गर्ग, पंकज तिवारी ने श्रीमद् भागवत गीता के 15 वे अध्याय का सस्वर पाठ किया गया। आयोजकों ने गीता के उपदेशों को जीवन में उतारने का संदेश देते हुए कहा कि गीता मनुष्य को कर्तव्य, समत्व और आत्मज्ञान की ओर अग्रसर करती है। अजब धाम गुरुकुलम में अध्ययरत छात्रों को गीता का उपदेश दिया गया। नवीन बिहार शास्त्री महाराज ने बताया कि यह अनुकरणीय आयोजन हैं। हमारे ग्रंथों का स्कूलों और शासकीय संस्थानों में पाठ होने से आज बच्चे धर्म- आध्यात्म से अवगत होकर ज्ञान ले रहे हैं।



## सहायक संचालक ने किया लिधौरा स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण



**हटा।** बटियागढ़ विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल लिधौरा का सहायक संचालक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सूरजभान सिंह चौधरी द्वारा गुरुवार को आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जहां निरीक्षण में विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षिक गुणवत्ता, संचालित रेमेडियल कक्षाओं, साप्ताहिक टेस्ट,मासिक टेस्ट, सह शैक्षिक गतिविधियों, शालेय प्रबंधन का अवलोकन किया गया। विद्यालय का बाह्य व आंतरिक परिवेश स्वच्छता युक्त पाया गया। निरीक्षित बिंदुओं पर सहायक संचालक के द्वारा संतोष प्रकट किया गया। उपस्थित शिक्षकों को आगामी बोर्ड परीक्षा परिणाम हेतु आवश्यक निर्देश सुझाव व मार्गदर्शन दिया गया । कक्षा निरीक्षण के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों द्वारा आगामी बोर्ड परीक्षा में अपने अपने परीक्षाफल लक्ष्य को बताया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्राचार्य प्रीतम गोस्वामी सहित संपूर्ण स्टाफ की उपस्थिति रही।

## खास बातें

### फीडिंग का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के सतत मार्गदर्शन में पथरिया SDM निकेत चौरसिया और बटियागढ़ तहसीलदार योगेंद्र चौधरी के अथक प्रयास और निर्देशन में सभी बीएलओ सुपरवाइजर सहयोगी कम्यूनिकेशन टीम ने एसआईआर कार्य अंतर्गत बटियागढ़ के समस्त 128 मतदान केंद्रों पर भरे हुए गणना प्रपत्र प्राप्त कर फीडिंग का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया गया।

### बीसीएम हटा श्री ठाकुर ने किया रक्तदान

**दमोह।** जिले के हटा विकासखंड के ग्राम पोंडी सेक्टर बर्धा में एक गर्भवती महिला इंद्रकुमारी पति अरविन्द पाल की जान बचाने के लिए बीसीएम हटा देवेंद्र ठाकुर ने रक्तदान किया। इंद्रकुमारी 08 वें माह की गर्भवती थी और सीवियर एनीमिया से जूझ रही थी। उसका हीमोग्लोबिन स्तर 06 gm/dl था। डॉक्टर ने सलाह दी कि उसे तुरंत ब्लड की आवश्यकता हंम लेकिन परिवार के सदस्य ब्लड डोनेशन के लिए उपस्थित नहीं थे और न ही कोई परिवार जन साथ में उपस्थित थे। इस स्थिति में बीसीएम हटा देवेंद्र ठाकुर ने स्वयं से आगे आकर अपना रक्तदान किया और गर्भवती महिला की जान बचाने का प्रयास किया। इनकी इस पहल से इंद्रकुमारी की जान बचाने का पूरा प्रयास किया जाकर सुरक्षित प्रसव कराए जाने की दिशा में सामूहिक रूप से प्रयत्न किया जा रहा है।

### एक प्रकरण में ईनाम घोषित

**दमोह ।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने दमोह जिले के देहात थाना अंतर्गत एक प्रकरण में 03 आरोपियों पर 06 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है । पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना तेजगढ़ के अपराध क्रमांक 166/25 धारा 331(4), 305 (a) बीएनएस के तहत अरोपी मंगल पिता शंकर वंशकार निवासी कैदों की तलैया थाना कोतवाली दमोह, राहुल अहिरवार पिता नन्हें अहिरवार उम्र 18 साल निवासी किशन तलैया थाना दमोह देहात एवं सरमन बर्मन पिता भैयन उम्र 26 साल निवासी किशन तलैया थाना दमोह देहात पर 02-02 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है।

### विद्यार्थियों एवं नागरिकों को जागरूक किया जावे -कलेक्टर

**दमोह।** शासकीय माध्यमिक शाला किसुनगंज विकासखंड पथरिया में लगभग 50 छात्रों के द्वारा रतनजोत (जेट्रोफा) के विषाक्त बीज खाने से उनकी उल्टी एवं दस्त के प्रकोप से शारीरिक हालत गंभीर हो गयी, जिससे उन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कर इलाज कराया गया। इस सबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने विभाग प्रमुखों को निर्देशित करते हुए कहा उक्त घटना को दृष्टिगत रखते हुए समस्त कार्यालय/विद्यालय /आंगनवाड़ी केंद्रों /संस्थाओं के प्रांगण/परिसर व आस-पास लगे विषाक्त पेड़/पौधे, जिनके फलों/पत्तियों के सेवन से शारीरिक दुष्प्रभाव होता है, ऐसे समस्त पेड़/पौधों की प्रांगण/परिसर से तत्काल सफाई करायी जाये। साथ ही कर्मचारियों/विद्यार्थियों को जहरीले फल वाले वृक्ष/कटीली झाड़ियां/जहरीले बीजों आदि के संबंध में जागरूक किया जावे। डॉ. मनोज अहिरवार, प्रभारी वरिष्ठ वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र-दमोह द्वारा रतनजोत (जेट्रोफा) के बीजों से स्कूली बच्चों को बचाने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन के संबंध में एक वीडियो जारी किया गया हैं। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों एवं नागरिकों को जागरूक किया जावे, ताकि इस प्रकार की किसी अप्रिय घटना की पुनरावृत्ति न हो।

नोहटा क्षेत्र में फिर दर्दनाक हादसा

# ऑटो व बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में युवक की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र में आज सुबह एक और दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया। चिरई चोंच और हथनी के पास तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में बाइक सवार तीरथ सिंह आनू, निवासी अभाना, की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 9 बजे ऑटो रिक्शा दमोह से अभाना की ओर जा रहा था, जबकि बाइक सवार अभाना से दमोह की ओर लौट रहा था। चिरई चोंच के पास दोनों वाहनों में भीषण टक्कर हो गई, जिसमें तीरथ





सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर में ऑटो सवार भूपेंद्र ठाकुर (45), निवासी दमोह, घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही नोहटा थाना टीम, प्रधान आरक्षक दीपक और 112 डायल मौके पर पहुंची। वहीं एनएचआई 1033 एंबुलेंस के चंद्रभान सिंह, देशराज और अभिषेक ने मौके पर पहुंचकर घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर चक्रेश चौधरी, ऐश्वर्य, मधुर जैन और कौशिकी द्वारा उपचार जारी है। नोहटा थाना प्रभारी अभिषेक पटेल ने बताया कि ऑटो रिक्शा और बाइक की आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि ऑटो चालक गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद क्षेत्र में सनसनी का माहौल है।

# ट्रैक्टर ने कार को मारी टक्कर, दो घायल

## दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त कार में लगी आग, कारण अज्ञात



**दमोह।** जिले के पिपरिया चंपत गांव से अहिरवाल परिवार के सदस्य कार से सुजारा जा रहे थे कि बकस्वाहा के पास मोठा और भटेरा के बीच सड़क हादसे का शिकार हो गए। बताया जा रहा है कि बटियागढ़ की तरफ से तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रैक्टर ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार चालक और उसका भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर के तुरंत बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में एक महिला और एक बच्ची को भी मामूली चोटें आई हैं। घटना की सूचना पर 112 पुलिस मदद वाहन मौके पर पहुंची और सभी घायलों को बटियागढ़ स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। इधर, जब परिजन इलाज के बाद वापस वाहन के पास लौटे, तो वैगनआर कार में अचानक आग लग चुकी थी। देखते ही देखते गाड़ी पूरी तरह जलकर खाक हो गई। अचानक लगी आग से परिवार के लोग स्तब्ध हैं और उन्हें समझ नहीं आ रहा कि आग कैसे लगी। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है और आग लगने के कारणों की भी जांच की जा रही है। परिवार से बात करने का बताया ट्रैक्टर से एक्सीडेंट हुआ था जिसमें हमारे छोटे भाई और बहू जा रही थी। वेगनर चालक दिनेश अहीरवाल उम्र लगभग 24 वर्ष, श्रीमती भारती पति स्वर्गीय बलराम अहिरवार उम्र 30 वर्ष, लगभग लोकेंद्र अहिरवार लगभग 13 वर्ष, हरि बाई 17 वर्ष कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए सुजारा जा रहे थे। इस संबंध में बटियागढ़ थाना प्रभारी रजनी शुक्ला से बात करने पर उन्होंने बताया की एक्सीडेंट हुआ था बुधवार रात की बात है और जानकारी लग रहे हैं क्या किस कारण से यह एक्सीडेंट हुआ है। फोर व्हीलर में आग लगने का क्या कारण है इसकी जांच जारी है।

अदालत ने वादीगण का दावा किया निरस्त....

# मारुताल बाइपास की शासकीय भूमि पर कब्जा हटाने का रास्ता साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सिविल न्यायाधीश अनुप्रक्षा जैन की अदालत ने मारुताल बाईपास के पास स्थित पाँच एकड़ से अधिक की बेशकीमती शासकीय भूमि पर कब्जाधारियों द्वारा दायर उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने शासन को उनके कच्चे-पक्के मकान तोड़ने और भूमि से बेदखल करने से रोकने तथा स्वयं को भूमि स्वामी घोषित करने की मांग की थी।शासन के प्रतिनिधि कलेक्टर की ओर से सरकारी वकील राजीव बद्री सिंह ठाकुर ने कलेक्टर दमोह का पक्ष रखते हुए प्रकरण में बहस की।

### मामले का विवरण

वादी मलखान मुंडा, मोहन मुंडा, दुर्गाबाई मुंडा, शांतिबाई मुंडा और राजा मुंडा ने अदालत में दावा किया कि वे अपने पिता के समय से लेकर आज तक—लगभग 30 वर्ष से भी अधिक समय से—उक्त शासकीय चरनोई मद की भूमि पर कच्चे-पक्के घर बनाकर निवास कर रहे हैं।उनका कहना था कि राजस्व अधिकारी उनके कब्जे से अवगत रहे हैं और कभी बेदखली की कार्रवाई नहीं की गई। वादीगण ने स्वयं को भूमिहीन, गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाला तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग का बताते हुए दावा किया कि लंबे समय के कब्जे के आधार पर वे भूमि स्वामी के हकदार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राजस्व अधिकारी उन्हें पुलिस बल के माध्यम से बेदखल करने की तैयारी में हैं और कब्जा हटाने के बदले आवास दिलाने का लालच दे रहे हैं।

### शासन का पक्ष

कलेक्टर दमोह की ओर से सरकारी वकील राजीव बद्री सिंह ठाकुर ने न्यायालय को बताया कि विवादित भूमि शासन की है तथा उसे हाउसिंग बोर्ड को कमजोर वर्ग के नागरिकों के लिए आवास उपलब्ध कराने हेतु संरक्षित कर आवंटित किया जा चुका है।

वादीगण बिना किसी अधिकार के इस बेशकीमती भूमि पर अवैध कब्जा किए हुए हैं और उन्हें राजस्व अभिलेखों में भूमिस्वामी घोषित करने का कोई कानूनी आधार नहीं है। शासन की ओर से तहसीलदार रॉबिन जैन ने साक्ष्य प्रस्तुत कर शासन का पक्ष मजबूत किया।

### न्यायालय का निष्कर्ष

दोनों पक्षों की गवाही और साक्ष्यों का विश्लेषण करने के बाद न्यायालय ने कहाः वादीगण यह साबित नहीं कर पाए कि उनका कब्जा वैधानिक रूप से भूमि स्वामित्व का आधार बन सकता है। मात्र लंबे कब्जे के आधार पर कोई भी व्यक्ति शासकीय भूमि का पट्टा या स्वामित्व प्राप्त नहीं कर सकता।

भूमि शासन की है, जिसे शासन किसी भी प्रयोजन हेतु सुरक्षित रख सकता है या आवंटित कर सकता है। वादीगण का कब्जा अवैध है; इसलिए उन्हें बेदखल करने या उनके कच्चे-पक्के घर हटाने की कार्रवाई पर रोक नहीं लगाई जा सकती। अदालत ने सभी वादियों का दावा निरस्त करते हुए कहा कि शासन विधि अनुसार भूमि का कब्जा लेने के लिए बाध्य है और वादीगण को बेदखल होने से किसी प्रकार की न्यायिक सुरक्षा नहीं मिल सकती।

# गुणवत्ता-विहीन सामग्री खरीद पर संभाग कमिश्नर ने दमोह डिप्टी कलेक्टर को किया निलंबित

**सागर।** संभाग आयुक्त अनिल सुचारी के आदेशानुसार कलेक्टर दमोह द्वारा जारी प्रस्ताव के आधार पर डिप्टी कलेक्टर एवं तत्कालीन प्रभारी जिला संयोजक, जनजातीय कार्य विभाग दमोह, ब्रजेश सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। आदेश में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2024-25 में संचालित अनुसूचित जाति छात्रावासों हेतु अधीक्षकों से प्राप्त मांग पत्रों के आधार पर खरीदी गई सामग्री गुणवत्ता-विहीन थी तथा म.प्र. भण्डार क्रय एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (संशोधित 2022) के नियम 17.4 का पालन नहीं किया गया। प्राप्त सामग्री की गुणवत्ता संबंधी जानकारी सात दिवस के भीतर उपार्जनकर्ता अभिकरण को ई-मेल/ई-पोर्टल के माध्यम से नहीं भेजी गई। इसके साथ ही जैम पोर्टल पर तीनों रोल संबंधित सहायक ग्रेड-3 को सौंपे जाने एवं क्रय प्रक्रिया के समुचित पर्यवेक्षण में भी लापरवाही पाई गई। जो कि बिना आवश्यक निरीक्षण एवं नियमों के विपरीत की गई यह कार्रवाई वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आती है। श्री सिंह का उक्त कृत्य म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम का उल्लंघन है। अतः ब्रजेश सिंह को म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 09 के अंतर्गत निलंबित किया गया है।

सांसद ने एनएचएआई चेयरमैन से की मुलाकात

# रिंग रोड के विस्तार कार्य को मिली स्वीकृति



**दमोह।** दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) के चेयरमैन संतोष कुमार यादव से नई दिल्ली स्थित कार्यालय में सौजन्य भेंट की। मुलाकात के दौरान दमोह शहर की सड़क कनेक्टिविटी एवं रिंग रोड विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। सांसद राहुल सिंह लोधी ने बताया वर्तमान में दमोह शहर को चारों दिशाओं से प्रमुख हाईवे कनेक्टिविटी प्राप्त हैं जिसमें बक्सवाहा से दमोह, सागर से दमोह, जबलपुर से दमोह, कटनी से दमोह,हटा से दमोह है। इसके साथ ही हटा से इमलाई बाईपास, बांसा बाईपास, अभाना बाईपास होते हुए समन्ना बाईपास तक का रिंग रोड का अधिकांश हिस्सा पहले ही बनकर तैयार है लेकिन समन्ना से हटा नाके तक लगभग 4 किमी लंबा हिस्सा अभी निर्मित नहीं हो पाने से भारी वाहनों का दबाव शहर के भीतर बना रहता है। इस आवश्यक कनेक्टिविटी को जोड़ने के लिए सांसद ने चेयरमैन से रिंग रोड के अंतिम हिस्से के निर्माण का अनुरोध किया। सांसद श्री लोधी ने बताया चर्चा के दौरान NHAI चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने तत्काल DPR (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। यह DPR लगभग 2–3 महीनों में तैयार हो जाएगी, जिसके उपरांत विधिवत टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। सांसद राहुल सिंह ने कहा "यह रिंग रोड पूर्ण रूप से तैयार हो जाने के बाद दमोह शहर के भीतर से गुजरने वाले भारी वाहनों का दबाव कम होगा और शहर के यातायात प्रबंधन में बड़ा सुधार आएगा। इस निर्णय से दमोह शहर के विकास एवं यातायात सुगमता को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

# लोकसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत सांसद राहुल सिंह लोधी के नेतृत्व में आयोजित लोकसभा स्तरीय खेल महोत्सव का शुभारंभ आज दमोह में हुआ। प्रथम दिवस स्थानीय टाइम्स कॉलेज में खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पुरुष वर्ग से 8 एवं महिला वर्ग से 5 टीमों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता पटेल, उपाध्यक्ष मंजू कटारे,जनपद सदस्य संगीता श्रीधर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, कार्यक्रम संयोजक गोपाल पटेल एवं जनपद अध्यक्ष प्रीति सिंह ठाकुर की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर दमोह सांसद द्वारा आयोजन किया जा रहा है यह युवाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है, युवा दौड़ेगा तो देश दौड़ेगा। कार्यक्रम में संजय सेन, राघवेंद्र सिंह परिहार, भरत यादव, टाइम्स कॉलेज प्रबंधक सुशील कुमार गुप्ता, प्रिंस जैन, रमाकांत बाजपेई तथा कृष्णा पटेल सहित सभी पीटीआई एवं खेल से जुड़े गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। आगामी दिनों में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन जारी रहेगा। महिला वर्ग में खेल विभाग दमोह ने जीत दर्ज की।

### रैन बसेरों का संचालन सुचारू, लापरवाह कर्मचारी की सेवा समाप्त

**दमोह।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिका द्वारा संचालित जिला अस्पताल एवं बस स्टैंड स्थित दोनों रैन बसेरों का संचालन अब पूर्ण रूप से सुचारू कर दिया गया है। दोनों स्थानों पर 24 घंटे नगर पालिका के कर्मचारी तैनात रहते हैं, जिससे यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सीएमओ श्री ठाकुर ने बताया कि रैन बसेरों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री ठहरने पहुँच रहे हैं, जिसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने बताया संचालन में लापरवाही बरतने वाले एक कर्मचारी की सेवा समाप्त कर दी गई है, ताकि सेवाओं की गुणवत्ता में कोई कमी न आए। नगर पालिका द्वारा यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए व्यवस्थाओं को लगातार मजबूत किया जा रहा है।

# पुलिस दो अवैध हथगोला किय जब्त, तीन गिरफ्तार

**दमोह।** कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों से दो अवैध हथगोला बरामद किये है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अवैध विस्फोटक सामग्री के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है जिसके तहत थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार के



नेतृत्व में थाना कोतवाली स्टाफ की पृथक- पृथक टीमें कार्यवाही हेतु लगाई गयी थी जो दिनांक 03.12.2025 को मुखबिर की सूचना पर सीताबाबली वायपास रोड के किनारे तीन आरोपियो के कब्जे से 02 नग अवैध हथगोला (विस्फोटक पदार्थ) जप्त किये गये आरोपियो के विरूद्ध थाना कोतवाली दमोह में अपराध क्र 958/2025 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 के तहत पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया । आरोपीग क विरुद्ध थाना कोतवाली दमोह में पूर्व से भी आपराधिक प्रकरण दर्ज है। गिरफ्तार आरोपी में रज्जाक खान पिता शेख इसाद खान उम्र 28 वर्ष निवासी बजरिया वार्ड 05 दमोह, टुण्डे उर्फ आशिक पिता बाबू खान उम्र 24 साल निवासी चैनपुरा बजरिया वार्ड नं. 05 दमोह, जमील शाह पिता भूरे फकीर शाह उम्र 38 साल निवासी बजरिया वार्ड न. 05 दमोह को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही में सउनि राकेश पाठक प्रभारी पुलिस सहायता केन्द्र बजरिया दमोह, प्र.आर. अभिषेक चौबे प्रआर महेन्द्र, आर. योगेन्द्र यादव आदि शामिल रहे।

# श्रीभगवान के मुखारबिंद से काशी की धरा पर हो रही शिवमहापुराण कथा

## भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं शिवपुराण कथा हेतु दमोह के साकेत धाम पीठाधीश्वर श्री महंत श्री भगवान वेदांताचार्य रसिक जी नौ दिन तक काशी प्रवास पर है जिनके मुखारबिंद से दिव्य शिव कथामृत का रसास्वादन काशी की जनता जनार्दन मूर्त रूप से करेगी। ज्ञातव्य हो के अपनी विशिष्ट दार्शनिक शैली में श्री भगवान के द्वारा दमोह के निरंतर विकाश के लिए आध्यात्मिक आयोजन किए जाते है जिसमें इस बार उनका साथ काशी विरक्त संत समाज के द्वारा निकाली गई भव्य कलश यात्रा में देखने को मिला,



बनारस के शिवपुर स्थित रामलीला मैदान में श्रीफलाहारी बाबा संत सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस कथा में रथ पर आरूढ़ कथा व्यास श्री भगवान जी का भव्य स्वागतहुआ। नौ दिवसीय श्री श्री लक्ष्मीनारायण हुआ साथ ही महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा का शुभारंभ एक आध्यात्मिक गरिमा से परिपूर्ण कलश शोभायात्रा के साथ सम्पन्न हुआ। यज्ञाचार्य पं. जितेन्द्र तिवारी, पं.लवकुश तिवारी एवं रोहित शुक्ला द्वारा वेद मंत्रोच्चारण के मध्य यज्ञ कलशों का विधिपूर्वक पूजन सम्पन्न कराया गया। कलशयात्रा ने सम्पूर्ण क्षेत्र के वातावरण को श्रीलक्ष्मीनारायणमय एवं शिवतत्व से अनुप्राणित कर दियज्ञं शोभायात्रा के दौरान बग्घी पर विराजमान संत महात्माओं के दर्शन, सिर पर गंगाजल कलश धारण किए १००८ सुशोभित महिलाओं की अनुशासित सहभागिता तथा ध्वज-पताकाओं के साथ चल रहे भक्तों की भक्ति-भावना ने दृश्य को विशिष्ट आध्यात्मिक वैभव प्रदान किया। मुख्य यजमान विनोद दुबे जी है । महंत श्री रामदास त्यागी फलाहारी बाबा ने बताया कि प्रतिदिन प्रातः लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की मंडप फेरी तथा सायंकाल जनकल्याणार्थ शिव महापुराण कथा का वाचन किया जाएगा। शुक्रवार प्रातः 10 बजे अग्निप्रतिष्ठा उपरांत महालक्ष्मी यज्ञ का आरंभ होगा। 5 से 11 दिसंबर तक प्रतिदिन दोपहर 3 से सायं 7 बजे तक कथावाचक श्री भगवान वेदांताचार्य जी श्रद्धालुओं को शिव महापुराण का अमृतमय रसपान कराएँगे। 12 दिसंबर को पूर्णाहुति के उपलक्ष्य में संत सम्मेलन एवं विशाल भंडारे का आयोजन निर्धारित है, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महामंडलेश्वर संतोष दास सतुआ बाबा पधारेंगे। शोभायात्रा में ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत रामदास त्यागी, सहित महंत मोहन दास कोतवाल, श्री महंत रामेश्वर दास मुख्य यजमान विनोद दुबे, मंत्री पुरुषोत्तम जालान, कोषाध्यक्ष आनंद अग्रवाल, मीडिया प्रभारी कमलेश केशरी, सहित अनेक श्रद्धालुगण की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। सभी से इस आयोजन में भारत की चेतना के रूप में समाहित हो इसलिए ज्ञान की चेतना का हक दिया प्रकाशित किया गया है जिसमें सभी का आमंत्रण अवश्यंभावी है। जिसमें महामंगल सेवा समिति के द्वारा भोजन और रुकने की उत्तम व्यवस्था निःशुल्क है। भारत के अलग अलग स्थानों से लोगों का जमावड़ा हो रहा है।

# नवगत थाना प्रभारी प्रियंका पटेल ने लिया गैसाबाद थाने का चार्ज

**गैसाबाद।** ग्राम गैसाबाद थाना में प्रथम महिला थानेदार के रूप में कार्यरत रही थाना प्रभारी प्रीति पांडे का दमोह स्थानांतरण हो जाने के बाद नवगत थाना प्रभारी के रूप में पुनः एक महिला इंस्पेक्टर प्रियंका पटेल द्वारा पुलिस थाना की बागडोर संभाली गई है। नए थाना प्रभारी के आगमन पर जैसा हमेशा से होता आया है वही इस बार भी हुआ है । जैसे जुआ सट्टा अवैध शराब बिक्री आदि अवैध गतिविधियों पर कुछ समय के लिए अंकुश सा लग गया है । यह पहली बार नहीं हुआ है जब जब ग्राम में नये थाना प्रभारी आते हैं यही होता है लेकिन कुछ दिन बाद फिर वही घोड़ा वही मैदान की तर्ज पर सब कुछ पूर्व की भांति ही चलने लगता है। गौरतलब है कि इस समय ग्राम हिनौता एवं गैसाबाद क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री खुलेआम गांव गांव में की जा रही है।

ग्राम मोहराई खमरगौर आदि गांव में सट्टा पर्ची काटे जाने का क्रम निरंतर जारी है ग्राम में शराबियों के आतंक से आम नागरिक परेशान होते हैं शाम होते ही बस स्टैंड पर शराबियों का आतंक शुरू हो जाता है जो देर रात तक चलता है, शराब पीकर हवा में ही गाली गलोज करना रोज का काम हो चला है शराबियों के उत्पादन के चलते रात्रि के समय आम इज्जतदार लोगों का अपने घर से बाहर निकलना दूबर हो जाता है ग्रामीण जनों ने नवनियुक्त थाना प्रभारी प्रियंका पटेल से गांव एवं क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार पर प्रतिबंधित कार्यवाही किए जाने की मांग की है ताकि क्षेत्र में अमन शांति कायम हो सके।

अब देखना यह होगा कि नवगत थाना प्रभारी जनमानस की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए कब और क्या कार्रवाई करती है, महिला थानेदार होने के नाते खासकर महिला वर्ग को थाना प्रभारी जी से बहुत उम्मीदें हैं, खैर यह तो समय ही बतायेगा कि थाना प्रभारी जी आम जनता के मानस पटल पर कितनी खरी उतरती हैं।